# University in News on 13 June 2021

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## 'मीडिया ट्रायल की भी सीमा तय होनी चाहिए'

### लविवि में वर्चुअल लिटरेरी इवेंट में बोले हाईकोर्ट के न्यायाधीश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। मीडिया की आजादी के साथ मीडिया ट्रायल की भी सीमा तय होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि मीडिया ट्रायल कानूनी कार्यवाही में बाधा ना बने। यह कहना है इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश करुणेश सिंह पवार का। वे शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से आयोजित दो दिवसीय डॉ. आरयू सिंह मेमोरियल नेशनल लेवल वर्चुअल लिटरेरी इवेंट-2021 को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उनके साथ कार्यक्रम का उद्घाटन डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह, इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ. एलपी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि न्यायाधीश करुणेश सिंह पवार ने डॉ. आरयू सिंह को याद करते हुए उनके गुणों की चर्चा की। उन्होंने वाद-विवाद प्रतियोगिता के शीर्षक 'मीडिया ट्रायल वरदान या अभिशाप' की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बिल ड्राफ्टिंग के बारे में जानकारी अति आवश्यक है। इसी से वे कानूनी भाषा की बारीकियां समझ पाएंगे। प्रो. सीपी सिंह ने



महामारी के समय भी अच्छा कार्यक्रम करने व विद्यार्थियों के उत्साह से शिरकत करने की प्रशंसा की। डॉ. एलपी मिश्रा ने कहा कि उत्कृष्टता जो किसी को समय पर याद रखने योग्य बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि एक विद्यार्थी अपने शिक्षकों से वर्चुअली भी सीख सकता है। आयोजक सचिव प्रो. हरीश चंद्र, प्रो. मो. अहमद ने इस आयोजन को आपदा को अवसर में बदलने का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताया। कार्यक्रम के छात्र संयोजक सक्षम अग्रवाल, शिशिर यादव, उर्मिका पांडेय, ऋषभ चौहान आदि थे। कार्यक्रम में लीगल क्विज, आर्टिकल लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, बिल ड्राफ्टिंग तथा सामाजिक कानूनी फिल्म निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

DAINIK JAGRAN PAGE 4 & 5

## परीक्षाओं पर समिति अगले सप्ताह सौंपेगी रिपोर्ट

लखनऊ : राज्य सरकार की ओर से गाइड लाइन जारी होने के बाद अब लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के 57 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के फैसले का इंतजार है। लविवि के कुलपति ने समिति से जल्द रिपोर्ट देने के लिए कहा है। सोमवार या मंगलवार तक समिति अपनी रिपोर्ट कुलपति को दे सकती है। (जासं)

## लविवि : अब 17 तक भर सकते हैं परीक्षा फार्म

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पढ़ने वाले स्नातक, परास्नातक, बीएड व एमएड प्रथम सेमेस्टर के छूटे हुए विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने का मौका दिया गया है। अब 17 जून तक आनलाइन परीक्षा फार्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.ac.in के माध्यम से भर सकते हैं। (जासं)

## मीडिया ट्रायल की तय होनी चाहिए सीमा : न्यायाधीश

लखनऊ : लखनऊ विवि के विधि संकाय की ओर से डा. आरयू सिंह मेमोरियल में नेशनल लेवल वर्चुअल लिट्रेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश करुणेश सिंह पवार ने कहा कि मीडिया की आजादी के साथ मीडिया ट्रायल की भी सीमा तय होनी चाहिए। यहां प्रो. सीपी सिंह, डा. एलपी मिश्रा, डा. हरीश चंद्र तथा प्रो. मो. अहमद भी मौजूद रहे। (जासं)

## ओएनजीसी सेंटर में चलेगा मास कम्युनिकेशन विभाग

लखनऊ : लखनऊ विवि का पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग अब ओएनजीसी सेंटर में संचालित होगा। शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सेंटर की गवर्निंग बोर्ड की बैठक में यह तय किया गया। वहीं सेंटर की तर्ज पर एक नया भवन बनाए जाने पर भी सहमति बनी। इसके लिए ओएनजीसी से अनुमति ली जाएगी। (जासं)

## 18 तक संकायाध्यक्षों को जमा करने होंगे फार्म

लखनऊ : विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षा फार्म भरना है, लेकिन परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना होगा। बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट के छात्रों को आनलाइन परीक्षा फार्म भरकर परीक्षा शुल्क जमा करने के बाद संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना होगा। सभी संकायाध्यक्ष कार्यालय को परीक्षा फार्म 18 जून तक परीक्षा विभाग में उपलब्ध करना होगा। (जासं)

## डा. अमरजीत सदस्य नामित

लखनऊ : 21 जून को उत्तर प्रदेश में सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इसके आयोजन के लिए आयुष विभाग ने राज्य स्तर पर पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के को-आर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव को सदस्य नामित किया गया है। (जासं)

FIRST INDIA PAGE 2

## LU: RU Singh virtual literary fest organised

First India Bureau

Lucknow: Two-day "4th Dr. R. U. Singh Memorial Virtual Literary Event 2021" was organized by Law dept of LU on Saturday. The inaugural ceremony was attended by Chief Guest Justice Karunesh Singh Pawar of Allahabad High Court, Head of Law Faculty, Dean Prof. CP Singh, Guest of Honor, Allahabad High Court Advocate Dr. L. P. Mishra and other dignitaries.

HINDUSTAN PAGE 4

## राज्य समिति के सदस्य बने डा. अमरजीत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सातवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून को मनाया जाएगा। आयुष विभाग ने राज्य स्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के फ़ैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव को सदस्य नामित किया गया है।